वीर सपूत की कुर्बानी को स्मृति दिवस पर याद किया

बल्लभगढ़ अग्रवाल महाविद्यालय में रविवार को जय भगवान शर्मा की पुण्य समृति में स्थापित शहीद स्मारक पर स्मृति दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट ने सलामी दी। • हिन्दुस्तान

बल्लभगढ़ | हमारे संवाददाता

अग्रवाल कॉलेज में रविवार को शहीद जयभगवान शर्मा की स्मृति में स्थापित शहीद स्मारक पर पुष्प भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया।

उनके स्मृति दिवस के अवसर पर उनकी माता प्रेमवती, धर्मपत्नी कमलेश शर्मा एवं परिवार के सदस्यों के साथ-साथ जितेन्द्र कुमार बोलिया, सहायक कमाडेंट सीआईएसएफ एनटीपीसी, इंस्पेक्टर आर.एस. सिरोही, अन्य सुरक्षा बल सदस्य, कॉलेज प्रॉचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, एनसीसी अधिकारी, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ प्रवक्ता उपस्थित थे।

सनद रहे कि उप निरीक्षक/कार्य स्वर्गीय जय भगवान शर्मा गांव हीरापुर, जिला फरीदाबाद निवासी ने अपनी शिक्षा अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद (हरियाणा) में पूरी की थी। शिक्षा पूरी होने के बाद वे केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा में वर्ष 1988 में भर्ती हुए थे। दो दिसंबर 1995 को उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले का मुकाबला करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।

उनके सम्मान में कॉलेज में शहीद स्मारक स्थापित किया गया है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की पहल पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के नेतृत्व में शहीद के सम्मान में प्रतिवर्ष स्मृति दिवस मनाया जाता है।